









# महावीर जन्म कल्याणक पर निकली शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 मार्च।** जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती महोत्सव कार्यक्रम नगर गौरव आचार्य सुबल सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर महावीरगंज में आयोजित किया गया। इसके पश्चात दोपहर में किला गेट से भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भागीदारी की गई।




महावीर जयंती महोत्सव के संदर्भ में जानकारी देते हुए पार्षद मनोज जैन ने बताया कि जैन दर्शन के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म कल्याण महोत्सव कार्यक्रम 30 मार्च को प्रातः काल 7 बजे राजा सिद्धार्थ का दरबार, सपनों का फलादेश एवं चंदन वाला का नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 बजे भगवान महावीर स्वामी का जन्म एवं पालना एवं दोपहर 12 बजे किला गेट से रथ यात्रा प्रारंभ होकर बजरिया सदर बाजार परेड चौराहे होते हुए बैंड बाजा के साथ लश्कर रोड स्थित कीर्ति स्तंभ पहुंची। वहां पर आचार्य भगवन सुबल सागर महाराज ने प्रवचनों में कहा कि भगवान महावीर स्वामी इस युग के अंतिम तीर्थंकर हुए हैं उनकी अंतिम वाणी जगत के लिए कल्याणकारी रही है, उनके सूत्र मैं व्यक्ति विशेष की नहीं जीव मात्र की चर्चा हुई है जहां छोटे-छोटे जीवों के कल्याण की भावना है, प्राणी मात्र का कल्याण हो, हर व्यक्ति सुखी रहे, एक इंद्री जीव से पांच इंद्री जीव सभी सुखी रहें, जैन धर्म का सिद्धांत अहिंसावादी रहा है।

भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक शांति धारा करने का अवसर विमल जैन इंजीनियर अंशु जैन कनाडा परिवार को प्राप्त हुआ विधानाचार्य संजय शास्त्री सिहानिया के द्वारा विधि विधान से किया। इस अवसर पर जगदीश जैन, राजेंद्र जैन पप्पू, रतनलाल जैन, विनोद जैन ढोचरा, संजीव जैन बल्लू, विनोद जैन इलेक्ट्रॉनिक्स, राजेंद्र जैन बिल्लू, मुकेश जैन मेडिकल, मुकेश जैन बड़ेरी, मनोज जैन, मनीष लोहिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र भदोरिया, बादशाह जैन, यश जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल बाबूजी, चक्रेश जैन, नरेश जैन, शंकर जैन, बॉबी जैन, शालु जैन आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।

**पंचकल्याण के पात्रों का हुआ सम्मान :** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में रिदौली एवं पेच नंबर 2 में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का सम्मान हुआ तथा पत्रिका का विमोचन किया गया।

### महावीर जन्म कल्याणक पर जीव दया संदेश यात्रा

भगवान महावीर स्वामी के 2626वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में सुबह मार्च को जीव दया संदेश यात्रा (प्रभात फेरी) का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, डॉ रमेश दुबे, डॉ राधेश्याम शर्मा, भरत चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भामाशाह पशु पक्षी आहार योजना समिति के तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर जिला चिकित्सालय पहुंची, जहां मरीजों को फल वितरण किया गया। समिति प्रमुख धर्मेंद्र जैन ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में जीव दया अहिंसा और करुणा का संदेश प्रसारित करना है। इसके माध्यम से भगवान महावीर का जियो और जीने दो का संदेश जन जन के दिया गया है।

# जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 मार्च।** भारत की जनगणना- 2027 का प्रथम चरण यथा सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाना है। इस हेतु भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त जिले से नामित मास्टर ट्रेनर रविकांत सिंह एवं जनगणना कार्य निदेशालय मप्र भोपाल से जिला जनगणना प्रभारी भानुप्रताप सिंह द्वारा जनगणना 2027 से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रथम चरण हेतु भिंड जिले के लिये द्वितीय बैच का 03 दिवसीय प्रशिक्षण में जिला स्तर पर प्रथम दिवस का प्रशिक्षण आज 30 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में समस्त नगरीय चार्ज के लिये चयनित फील्ड ट्रेनर्स (भिण्ड ग्रामीण सहित) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण प्रातः 10.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जनगणना 2027 का परिचय और प्रगणकों, पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की विधि एवं उनकी भूमिका तथा कर्तव्य, कानूनी पहलू, जनगणना की नींव का निर्माण, जनगणना में प्रयुक्त अवधारणाएँ और परिभाषाएं, एचएलबी सीमाओं का ग्राउण्ड ट्रूथिंग तंत्र और ले आउट एवं अन्य जानकारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

# हवाई फायरिंग कर अपहरण करने का आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 मार्च।** सिटी कोतवाली पुलिस ने दहशत फैलाने वाली सनसनीखेज अपहरण की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अपहृत दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित छुड़ा लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से शहर में कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा और मजबूत हुआ है। बता दें 30 मार्च को फरियादिया ने थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि मेहगांव निवासी राजेश जैन पुत्र कमलेश जैन ने रुपए के लेन- देन के विवाद में उनके घर के सामने सड़क पर हवाई फायरिंग की और उनके पति व जेठ को जबरन कार में डालकर अपहरण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराध क्रमांक 147/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। शहरभर के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की।

फायरिंग में इस्तेमाल खाली खोखे जब्त किए और नाकाबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस के दबाव में आकर आरोपी अपहृत रमेश सोनी और राजेश सोनी को छोड़कर गायब हो गए। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मेला ग्राउंड के बाहर से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, उप निरीक्षक देवीदीन अनुरागी, सुरेश मिश्रा सहित दलवीर यादव, दीपक राजावत, अभिषेक यादव, गौरव तोमर एवं आनंद त्रिपाठी की भूमिका रही।





# ग्रीष्मकाल में बस स्टेंड व प्रमुख स्थलों पर पेयजल की होगी व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 मार्च।** जिला पंचायत के नवागत सीईओ वीर सिंह चौहान ने कहा है कि गर्मी के दिनों में आवागमन करने वाले लोगों को सर्वाधिक पानी की

**जिला पंचायत सीईओ नवभारत से चर्चा में बोले**

जरूरत महसूस होती है और जब सार्वजनिक रूप से पानी उपलब्ध नहीं होता है तब लोगों को मिनरल वॉटर बोतल खरीदकर प्यास बुझाना पड़ती है। इसके लिए जिले में हर बस स्टेंड सहित अन्य भीड़भाड़ वाली जगहों पर पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए प्याऊ की व्यवस्था कराई जाएगी।

जिला पंचायत के नवागत सीईओ ने नवभारत से चर्चा में बताया कि प्याऊ की व्यवस्था न केवल राहगीरों के लिए बल्कि मूक पशु और पक्षियों के लिए भी कराई जाएगी, उनके लिए पानी के जगह- जगह पानी के पात्र रखवाए जाएंगे। इन सभी स्थलों पर साफ- सफाई का विशेष ख्याल रखा जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में जन सहयोग भी लिया जाएगा। जिससे गर्मी के दिनों में लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े।

**बुरहानपुर जिले में सबने उठाए थे कुदाली- फांवड़े :** जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि पर्यावरण से सभी को प्रेम करना चाहिए। इससे सभी जीवों का जीवन बेहतर रहता है। उन्होंने बताया जब वे बुरहानपुर में पदस्थ थे तब वहां आह्वान किया गया तो एक पहाड़ी को हरा- भरा करने के लिए सबने कुदाली- फांवड़े उठा लिए थे। इनमें अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, छात्र, आमजन सबने सहयोग किया। इसके परिणाम स्वरूप 30 हजार बीजों का डवाली की पहाड़ी पर रोपण कर दिया गया।

**फलों को बीज घर- घर से एकत्रित कर बोए गए :** सीईओ ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए घरों पर खाने के लिए लाए जाने वाले फलों के बीजों को एकत्रित किया गया। इससे लोगों में जहां बीज रोपे गए उनका जुड़ाव भी बना रहा। लोगों द्वारा पहाड़ी पर पहुंचकर बीजारोपण किया गया। जब बारिश का पानी इन बीजों को मिला तो पौधे बन गए। इस के प्रकार कार्य जिले में भी ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया जाएगा। जिससे लोगों का जुड़ाव भी बना रहेगा।

### साफ- सफाई पर रहेगा विशेष फोकस

सीईओ ने कहा कि साफ- सफाई पर ध्यान दिया जाए तो बीमारियां नहीं पनपती। साफ सफाई न केवल हमारे घर और आसपास होना चाहिए बल्कि गर्मी के दिनों में खान- पान में भी साफ सफाई अधिक जरूरी रहती है। उन्होंने कहा कि इन शासन द्वारा दिनों जल गंगा संवर्द्धन अभियान में जल स्त्रोतों की सफाई पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत शहर का गौरी सरोवर सहित जिले भर में जलाशयों, कुओं, बावड़ी आदि की साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।

# सिक्योरिटी गार्ड को गोली मारने वाले आरोपियों को दबोचा

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 30 मार्च।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित क्रम्पटन (सीजी पावर) कंपनी में बीते दिनों अज्ञात बदमाशों द्वारा सुरक्षा गार्ड को गोली मार दी गई थी गंभीर भारत में घायल सुरक्षा गार्ड को ग्वालियर रेफर किया गया था, घटना के बाद से ही अज्ञात आरोपी फरार चल रहे थे, क्या बताते हैं कि फरियादी गोलू पाल पुत्र रामचरण पाल उम्र 30 साल निवासी कुअरपुर थानासिरसौद जिला शिवपुरी हाल गार्ड क्रोम्पटन फैक्ट्री मालनपुर ने थाने जाकर रिपोर्ट की कि दिनांक 11.03.2026 की रात्रि करीब 01 बजकर 56 मिनिट की बात है कोई अज्ञात तीन व्यक्ति अपने अपने मुह बांधकर एक मोटर सायकल पर बैठकर आये और मैन गेट के



बाहर मोटरसायकल खड़ी की उसमें से पहले एक व्यक्ति मोटरसायकल से उतरकर गार्ड रूम की खिडकी तरफ आया और फिर दूसरा व्यक्ति उतरकर गार्ड रूम की तरफ आया तथा एक व्यक्ति मोटरसायकल पर बैठा रहा सोई अज्ञात एक व्यक्ति ने गार्ड रूम की खिडकी के बाहर से हथियार से जान से मारने की नियत से गार्ड रूम में कुर्सी पर बैठे माजीद अली के गोली मारी जो माजीद अली के सिर में पीछे की तरफ लगी गोली लगने से माजीद अली वही गार्ड रूम के अंदर कुर्सी से नीचे गिर पडा और उसके सिर से काफी खून निकला तथा गार्ड रूम की खिडकी मैं भी गोली लगने का छेद हो गया सोई वह तीनो अज्ञात आरोपी मुह बांधे हुये लडके मोटर सायकल पर बैठकर भाग गये।

उपरोक्त रिपोर्ट पर से पुलिस ने अप.क्र. 31/2026 धारा 109(1), 3 (5) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण 1. अमन राजावत पुत्र राजेन्द्र सिंह राजावत 2. छोटू उर्फ सतेन्द्र भदौरिया पुत्र उपदेश सिंह भदौरिया 3. दीपेन्द्र भदौरया पुत्र मोहकम सिंह भदौरिया 4. गोविन्द भदौरिया पुत्र भोलाराम भदौरिया के द्वारा घटना घटित करना पाया गया जब उक्त आरोपीगण के निवास स्थान पर तलाश किया गया तो उक्त आरोपीगण घटना दिनांक से ही फरार होना पाये गये। उप पुलिस महानिरीक्षक /पुलिस अधीक्षक डां. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक के द्वारा गंभीर अपराधों के फरार आरोपीगण की धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया उक्त निर्देशों के पालन में गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मालनपुर प्रदीप कुमार सोनी द्वारा अलग अलग टीमें बनाकर फरार आरोपीगण की पतारसी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान फरार आरोपीगण 1. अमन राजावत पुत्र राजेन्द्र सिंह राजावत 2. छोटू उर्फ सतेन्द्र भदौरिया पुत्र उपदेश सिंह भदौरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिनको माननीय न्ययालय के आदेश से जेल भेजा गया।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

उक्त कार्यवाही में निरी. प्रदीप कुमार सोनी थाना प्रभारी थाना मालनपुर, निरी. आशुतोष शर्मा, उनि बलबंत सिंह यादव, सउनि अब्दुल शमीम खान, प्र.आर. 331 जितेन्द्र यादव, प्र.आर. 1142 जितेन्द्र गुर्जर, प्र.आर. 220 दीपेन्द्र राठौर, आर. 751 दीपक शर्मा, आर. 320 संजीव श्रीवास, आर. 774 संजय, आर. 567 कुलदीप, आर. 364 सोहन लाल, आर 49 प्रदीप यादव, आर. 724 मनीष मांझी एवं साइबर सेल की टीम सउनि सत्यवीर सिंह, प्र.आर. महेश, प्र.आर. आनंद दीक्षित, आर. राहुल यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# एमएसपी पर गेहूं खरीदी की तैयारी पूरी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 मार्च.** राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 0गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं.

इस संबंध में सोमवार को कैबिनेट समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की गई, जिसमें राज्य में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा. प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल से शुरू होगा. सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.


## आम सूचना

श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र श्री कदम सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित साँई नगर, ग्राम मालनपुर, रा.नि.वृत एण्डोरी, तहसील गोहद व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 206 ग्राम मालनपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है पूर्व में भूखण्ड दीगर पश्चिम में-भवन ईशाव, उत्तर में-मयन श्री गंगा सिंह एवं दक्षिण में रास्ता 12 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री भगवान सिंह, श्री रामरतन, श्री रोशनलाल पुत्रगण श्री लक्ष्मण द्वारा श्री चौधरी सिंह पुत्र श्री मेहताथ को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2119 दिनांक 07.11.2012 से विक्रय की गई। श्री चौधरी सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र श्री कदम सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी04285202ए1788278 दिनांक 25.11.2020 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 07. 11.2012 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री सत्तेन्द्र सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 07. 11.2012 की मूलप्रति प्राप्त हो तो यह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्य, एवं आधिपत्य के सम्यन में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अवता मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट कार्यो भवन क्र.52 कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.) मो.नं.98276-72710**


# लावन गांव में तालाब की साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य शुरू

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 मार्च।** जनपद

**जल गंगा संवर्धन अभियान में सब कर रहे सहयोग**

पंचायत अटेर की ग्राम पंचायत लावन में जिला पंचायत सीईओ




वीर सिंह चौहान एवं सरपंच, उपयंत्री, सचिव एवं ग्रामीण जनों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब की साफ- सफाई एवं तालाब का गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

सीईओ जिला पंचायत भिण्ड द्वारा बताया गया कि जितने भी पुराने तालाब, कुंआ, बावड़ी हैं, उनका संरक्षण जरूरी है जिससे जलस्तर बढ़ेगा एवं पशु पक्षियों को पानी पीने की व्यवस्था होगी। सभी पंचायतों में कार्य शुरू किए जाएंगे जिसमें सभी की जनभागीदारी आवश्यक है। सीईओ जिला पंचायत ने जनपद मेहगांव की ग्राम पंचायत महाराजपुरा में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य एवं मांगलिक भवन का निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

## 26 कर्मियों का सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति समारोह

**भोपाल, 30 मार्च.** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल में मार्च 2026 में सामान्य सेवानिवृत्ति प्राप्त करने वाले 26 अधिकारी/कर्मचारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल पंकज त्यागी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश वितरित किए और उनके दीर्घकालीन सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की. समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक और यूनियन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे.